भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण

प्रेस विज्ञप्ति

विषय: तिरूपति हवाई अड्डे पर नए एकीकृत टर्मिनल भवन को 4 स्टार जी आर आई एच ए रेटिंग ।

नई दिल्ली, 3 मार्च 2017: भारत में भवनों तथा स्थलों के विकास को बढ़ावा देने के लिए ग्रीहा के माध्यम से जी आर आई एच ए (ग्रीन रेटिंग फॉर इंटीग्रेटिड हैबीटेट एसेसमेंट)अनिवार्य है ।ग्रीहा कॉउंसिलभारतीय उपमहाद्वीप में धारणीय हैबीट्टेस से संबंधित वैज्ञानिक तथा प्रशासनिक मुद्दों पर बातचीत करने के लिए एक स्वतंत्र मंच है । इसकी स्थापना टेरी (ऊर्जा और संसाधन संस्थान नई दिल्ली) द्वारा एम एन आर ई (नवीन तथा नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय, भारत सरकार) के समर्थन से कीगई थी ।

सचिव, भारत सरकार, नवीन तथा नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय, के निदेशों के अनुसार सार्वजनिक क्षेत्र के सभी आगामी भवनों को कम से कम 3 स्टार ग्रीहा रेटिंग लेनी अनिवार्य है ।

भा वि प्रा भी आगामीपरियोजनाओं/भवनों के निर्माण में हरित भवन मानदण्डों को अपनाने के लिए प्रतिबद्ध है । तदनुसार, भा वि प्रा ने तिरूपति हवाईअड्डे पर नए एकीकृत टर्मिनल भवन के लिए ग्रीहा के साथ पंजीकरण किया है ।

तिरूपति हवाईअड्डे पर नए एकीकृत टर्मिनल भवन में अपनाई गई प्रमुख्य विशेषताएं हैं ऊर्जा कुशल तथा मितव्ययी सामग्री जैसे फलाई ऐश ईंटें, कम गर्मी बढ़ाने वाले शीशे, एल ई डी लाइटिंग, ऊर्जा कुशल चिलर्स, कम वी ओ सी पेन्टस (वाष्पशील कार्बनिक कपाउंड) कम गर्मी प्राप्त गलेजिंग, संसाधित जल का पुन: उपयोग (600 के एल डी एस टी पी) डबल इन्सुलेटिड रूफिंग सिस्टम, उच्च क्षमता मोटरों के लिए वी एफ डी (वेरियबल फ्रीक्वेंसी ड्राइव) ।

भा वि प्रा के लिए यह वास्तव में गर्व का क्षण है कि तिरूपति हवाईअड्डे पर नए एकीकृत टर्मिनल भवन को 4 स्टार ग्रीहा रेटिंग से सम्मानित किया गया है ।

जनसम्पर्क विभाग द्वारा जारी
विस्तृत जानकारी के लिए संपर्क करें
म.प्र. (जनसंपर्क) 011-24622787,9811521881,
सं. 73/2016-17

श्री जी. प्रभाहरण, महाप्रबंधक (योजना) , भा वि प्राडॉ. गुरूप्रसाद महापात्र, आई ए एस, अध्यक्ष, तथा श्री एस. रहेजा, सदस्य (योजना) भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण को तिरूपति हवाई अड्डे को प्राप्त 4 स्टार ग्रीहा अवार्ड सौंपते हुए। चित्र में साथ में है श्री डी. के. कामरा, महाप्रबंधक (इंजी-सिविल) भा वि प्रा तथा श्रीमती चारूल शुक्ता, संयुक्त महाप्रबंधक (वास्तु) ।